

ये रोहित के लिए भावुक फैसला था क्योंकि वह लंबे समय तक टीम के कप्तान रहे हैं। हम उन्हें एक लीडर के तौर पर देखते हैं। इस बयान से पंत साफ करने की कोशिस की टीम में कोई रोहित के खिलाफ नहीं है। - **ऋषभ पंत**

भारतीय खिलाड़ी, रोहित शर्मा के बारे में बोलते हुए।

# खेल जगत

**आज का खिलाड़ी**

### रोहित शर्मा



भारत के पूर्व क्रिकेटरों सुनील गावस्कर और रवि शास्त्री का मानना है कि बॉक्सिंग डे टेस्ट शायद रोहित शर्मा का आखिरी टेस्ट था जिन्होंने आस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें और आखिरी टेस्ट से खुद को बाहर रखा है। सैतीस वर्ष के रोहित ने पांचवें टेस्ट में खुद को आराम देने का फैसला किया है। रोहित तीन टेस्ट की पांच पारियों में 31 रन ही बना सके।गावस्कर ने पहले दिन के खेल के दौरान लंच ब्रेक में कहा, " इसके मायने हैं कि अगर भारत विश्व टेस्ट चैम्पियनशिप फाइनल के लिये क्वालीफाई नहीं करता है तो मेलबर्न टेस्ट रोहित का आखिरी टेस्ट होगा।"

**क्या आप जानते हैं ?...** फुटबॉल खेल के भारतीय खिलाडी जो सबसे प्रसिद्ध हैं उनका नाम है सुनील छेत्री। सुनील छेत्री इंटरनेशनल फुटबॉल में भी एक्टिव फुटबॉल गोल स्कोरर में दूसरे नंबर पर है। उन्होंने 72 गोल किए हैं।

# भारत पहली पारी में 185 रन पर ढेर

## ऑस्ट्रेलिया का भी एक विकेट गिरा



सिडनी, 3 जनवरी। बॉर्डर-गावस्कर टेस्ट सीरीज के पांचवें टेस्ट मैच के पहले दिन शुक्रवार को स्कॉट बोलैंड (चार विकेट), मिचेल स्टार्क (तीन विकेट) तथा पैट कमिंस (दो विकेट) की शानदार गेंदबाजी के दम पर ऑस्ट्रेलिया ने भारत को पहली पारी में 185 रनों पर ढ़ेर करने के बाद दिन का खेल समाप्त होने के समय एक विकेट पर नौ रन बना लिये है।

भारत के 185 रनों के जवाब में बल्लेबाजी करने उतरी ऑस्ट्रेलिया ने दिन का खेल समाप्त होने के समय तीन ओवर में नौ रन पर एक विकेट गवां दिया। तीसरे ओवर में जसप्रीत बुमराह ने उस्मान ख़्वाजा (दो) रन पर आउट कर भारत का पहली सफलता दिलाई। स्टंप के समय सैम कॉन्स्टास (नाबाद सात) क्रीज पर थे।

इससे पहले आज यहां भारत ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। बल्लेबाजी करने उतरी भारत की शुरुआत अच्छी नहीं रही और उसने 11 के स्कोर पर केएल राहुल (चार) का विकेट गवां दिये। उन्हें मिचेल स्टार्क ने कॉन्स्टास के हाथों कैच आउट कराया। इसके बाद बोलैंड ने यशस्वी जयसवाल (10) को आउट कर भारत को दूसरा झटका दिया। शुभमन गिल (20) रन बनाकर आउट हुये।

भारत का चौथा विकेट विराट कोहली (17) के रूप में गिरा। हालांकि इसके बाद ऋषभ पंत और रवींद्र जडेजा ने भारत की लडखडाती पारी को संभाला। भारत ने चायकाल तक चार विकेट पर 107 रन बना लिये थे। दोनों बल्लेबाजों के बीच पांचवें विकेट के बीच 48 रन की साझेदारी हुई है। यह भारतीय टीम की सबसे बड़ी साझेदारी थी।

चायकाल के भारतीय टीम ताश के पत्तों की तरह बिखर गई। पांचवां विकेट के रूप में ऋषभ पंत आउट हुये। उन्होंने 98 गेंदों में तीन चौके और छक्का लगाते हुए (40) रनों की पारी खेली। उन्हें बोलैंड ने आउट किया। रवींद्र जाडेजा (26), नीतीश कुमार रेड्डी (शून्य), वॉशिंगटन सुंदर (14) और प्रसिद्ध कृष्णा (तीन) रन बनाकर आउट हुये। कप्तान जसप्रीत बुमराह ने 17 गेंदों में (22) रनों की पारी खेली। मोहम्मद सिराज तीन रन बनाकर नाबाद रहे। ऑस्ट्रेलियाई गेंदबाजी आक्रमण के आगे भारतीय पारी 72.2 ओवर में 185 के स्कोर पर ढ़ेर हो गई। ऑस्ट्रेलिया के लिए स्कॉट बोलैंड ने चार विकेट तथा मिचेल स्टार्क ने तीन, पैट कमिंस ने दो और नेथन ने एक-एक विकेट लिया।

## स्कॉट बोलैंड ने तोड़ा 50 साल पुराना रिकॉर्ड, 50 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज गेंदबाज बने

सिडनी, 3 जनवरी। ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज स्कॉट बोलैंड ने शुक्रवार को भारत के खिलाफ सिडनी में खेले जा रहे मुकाबले में एक बड़ी उपलब्धि हासिल की। उन्होंने टेस्ट क्रिकेट में 50 विकेट पूरे किए। बोलैंड 35 वर्ष 267 दिन की उम्र में खेल के सबसे लंबे प्रारुप में 50 विकेट लेने वाले सबसे उम्रदराज तेज गेंदबाज बन गए हैं। उन्होंने न्यूजीलैंड के बेवन कांग्डन का रिकार्ड तोड़ा है जिन्होंने 37 वर्ष 10 दिन की उम्र में फरवरी 1975 में ये उपलब्धि अपने नाम की थी। सिडनी क्रिकेट ग्राउंड पर खेले जा रहे पांचवें मुकाबले के दौरान स्कॉट बोलैंड ने शानदार गेंदबाजी की। पहले दिन उन्होंने 20 ओवर में 31 रन देकर चार विकेट अपने नाम किए। इस दौरान उन्होंने आठ ओवर मेडन डाले। उन्होंने खतरनाक यशस्वी जायसवाल, शुभमन गिल, विराट कोहली और नितीश कुमार रेड्डी के विकेट चटकाए। जोश हेजलवुड की जगह खेलने वाले बोलैंड ने दमदार प्रदर्शन करके दिखाया है। उन्होंने तीन मैच खेलते हुए 15 विकेट अपने नाम किए। वहीं जोश हेजलवुड सिर्फ दो मैच ही खेल सके हैं और चोट के कारण बाहर हो गए थे। बोलैंड सीरीज में सबसे ज्यादा विकेट लेने वाले पांचवें गेंदबाज हैं। स्कॉट ने विराट कोहली को सीरीज में तीन बार अपना शिकार बनाया है।

## जिम्बाब्वे ने अफगानिस्तान पर 86 रन की बढ़त बनाई

बुलावायो, 3 जनवरी। सिकंदर रजा (61), कप्तान क्रेग एर्विन (75) की अर्धशतकीय और शॉन विलियम्स (49) की शानदार पारियों के दम पर जिम्बाब्वे ने शुक्रवार को दूसरे टेस्ट मैच के दूसरे दिन 243 को स्कोर खड़ा कर अफगानिस्तान पर पहली पारी के आधार पर 86 रनों की बढ़त बना ली है।

# एक बार फिर फेल हुए कोहली



सिडनी, 3 जनवरी। भारत और ऑस्ट्रेलिया के बीच 5वां टेस्ट मैच खेला जा रहा है। सिडनी टेस्ट के पहले दिन भारत का टॉप ऑर्डर एक बार फिर फेल हुआ। विराट कोहली का बल्ला एक बार फिर नहीं चला। वह 69 गेंद पर 17 रन बनाकर आउट हो गए। स्कॉट बोलैंड ने उन्हें चौथी बार आउट किया। 123 मैच के करियर में कोहली पहली बारी इतनी गेंद खेलने के बाद बगैर बाउंड्री लगाए आउट हुए हैं।

भारतीय टीम को पहला झटका 5वें ओवर में लगा। उस दौरान केएल राहुल 4 रन बनाकर मिचेल स्टार की गेंद पर आउट हुए। इसके बाद 8वें ओवर की चौथी गेंद पर यशस्वी जायसवाल आउट हुए। स्कॉट बोलैंड ने अगली ही गेंद पर विराट कोहली को लगभग आउट कर दिया था। बल्ले का किनारा लेकर गेंद स्लिप में गई। स्टीव स्मिथ ने डाइव लगाई और गेंद पर उछाला। मार्नस लाबुशेन ने कैच किया। थर्ड अंपायर को लगा कि स्मिथ ने जब गेंद ऊपर थ्रो किया तो वह जमीन में लग गई थी।

इसके बाद विराट कोहली संभलकर खेले। लंच तक वह टिके रहे। पहले सेशन की आखिरी गेंद पर शुभमन गिल ने अपना विकेट फेंक दिया। उन्होंने 64 गेंद में 20 रन बनाए। नाथन लियोन को विकेट मिला। लंच के बाद विराट कोहली आउट हो गए। एक बार फिर गेंद ने उनके बल्ले का किनारा लिया और स्लिप में ब्यू वेबस्टर ने कैच लपका। कोहली एक बार फिर भारत को पारी के करियर में कोहली पहली बार इतनी गेंदों का सामना करने के बाद बाउंड्री नहीं लगा पाए।

स्कॉट बोलैंड के सामने विराट कोहली संघर्ष करते दिखे हैं। उन्होंने 6 पारी में 98 गेंद पर 32 रन बनाए हैं। 4 बार आउट हुए हैं। हर बार वह स्लिप या विकेटकीपर को कैच थमा बैठते हैं।

# सिडनी टेस्ट में चोटिल होने के बावजूद पंत ने तोड़ा सचिन का रिकॉर्ड



सिडनी, 3 जनवरी। टीम इंडिया सिडनी टेस्ट की पहली पारी में 185 रन के स्कोर पर ऑलआउट हो गई। इस दौरान विकेटकीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने 40 रनों की अहम पारी खेली। पंत इस पारी में गंभीर रूप से चोटिल हो गए। लेकिन उन्होंने हार नहीं मानी। पंत ने इस मुकाबले में छक्कों का एक बड़ा रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया। उन्होंने सचिन तेंदुलकर समेत कई दिग्गज खिलाड़ियों को पछाड़ दिया है।पंत ने भारत की पहली पारी के दौरान नंबर पांच पर उतरकर बल्लेबाजी की।

उन्होंने इस दौरान 98 गेंदों का सामना करते हुए 40 रन बनाए। पंत की इस पारी में 3 चौके और 1 छक्का शामिल है। उन्हें बोलैंड ने आउट किया। पंत इस पारी के दौरान चोटिल हो गए। उनके हाथ पर गेंद लगई जहां खून का थक्का जम गया। लेकिन पंत ने इसका करारा जवाब दिया वे भारत के लिए अहम पारी खेलने के बाद ही आउट हो गए। ऋषभ पंत ने ऑस्ट्रेलिया में सबसे ज्यादा टेस्ट छक्के लगाने के मामले में रोहित शर्मा को पछाड़ दिया है। पंत ने कुल 11 छक्के लगाए हैं जबकि रोहित ने 10 छक्के जड़े हैं। इस मामले में नीतीश कुमार रेड्डी तीसरे नंबर पर हैं। उन्होंने 8 छक्के लगाए हैं।

## सिडनी की पिच पर हो रही धीमी बल्लेबाजी : पंत

सिडनी, 3 जनवरी। सिडनी में भारत ऑस्ट्रेलिया के बीच पांचवां और आखिरी टेस्ट मैच खेला जा रहा है। वहीं सिडनी टेस्ट के पहले दिन का खेल खत्म होने के बाद टीम इंडिया के विकेट कीपर बल्लेबाज ऋषभ पंत ने कहा कि, उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पांचवें टेस्ट के पहले दिन संयम के साथ बल्लेबाजी की क्योंकि, सिडनी क्रिकेट ग्राउंड की पिच ऐसी नहीं है कि अपना स्वभाविक आक्रामक खेल खेलें। मेलबर्न में पिछले टेस्ट के दौरान लापरवाही भरे शॉट खेलकर आउट होने के कारण आलोचना झेलने वाले पंत ने शुक्रवार को सिडनी में 98 गेंद पर 40 रन बनाए।

राज्य स्तरीय अंडर-14 यूथ कप

## नैना एकेडमी को हराकर अरावली क्लब सेमीफाइनल में पहुंचा

जयपुर, 3 जनवरी। राजस्थान यूथ क्रिकेट क्लब द्वारा आयोजित राज्य स्तरीय अंडर - 14 यूथ कप प्रतियोगिता में आज खेले गए तीसरे क्वार्टर फाइनल मैच में अरावली क्लब ने नैना एकेडमी को 3 विकेट से हराकर सेमीफाइनल में प्रवेश किया। आज



अरावली ग्राउंड पर खेले गए मैच में नैना एकेडमी ने पहले बल्लेबाजी करते हुए रोहित चरनाल के 65 रन, निश्चल शर्मा के 18 रन, आयुष शर्मा के 21 रन व आयुष मुंडे के 13 रन से 36.3 ओवर में 171 रन बनाए। अरावली क्लब के लिए परम सिंह ने 2 पर 3, प्रखर गुप्ता ने 26 पर 2, हर्षित ने26 पर 2, रजत व मनविजय ने 1- 1 विकेट लिए। जवाबी पारी में अरावली क्लब ने लिए अंशु के 28 रन, परम सिंह के 55 रन, अंश यादव के 21 रन, व संजीव कुशवाहा के नाबाद 28 रन से 38.5 ओवर में 7 विकेट 172 रन बना कर मैच जीत लिया। नैना एकेडमी के लिए इजहर खान ने 23 पर 3, रिषभ, नव्यांश व रोहित ने 1-1 विकेट लिए।

## विद्युत निगमों की टेबल टेनिस और बैडमिंटन प्रतियोगिता सम्पन्न

जयपुर, 3 जनवरी। जयपुर स्थित सभी विद्युत निगमों के खिलाड़ियों के मध्य टेबल टेनिस और बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन जयपुर क्लब में किया गया। प्रतियोगिता का उद्घाटन राजस्थान विद्युत प्रसारण निगम के मुख्य कार्मिक अधिकारी



अमिताभ गुप्ता और संयुक्त निदेशक रामेश्वर अहारी द्वारा किया गया।वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के टेबल टेनिस के मुकाबले में पुरुष सिंगल्स में जयपुर डिस्कॉम के तनुराज वर्मा विजेता रहे तथा प्रसारण निगम के रहमान खान उपविजेता रहे। पुरुष युगल में क्षितिज सिंह राठौड़ और तनुराज वर्मा की जोड़ी विजेता तथा पवन शर्मा और दीपक शर्मा की जोड़ी उप विजेता रही। टेबल टेनिस की महिला सिंगल्स विजेता उत्पादन निगम की अंजली चौधरी तथा उपविजेता प्रसारण निगम की नेहा निमेश रही।

## 11वें सीजन के खत्म होने के बाद रवि ने किया संन्यास का ऐलान

नई दिल्ली, 3 जनवरी। हाल ही में प्रो कबड्डी लीग का 11वां सीजन खत्म हुआ है। इस सीजन के खत्म होते ही पिंक पैंथर टीम को बड़ा झटका लगा है। दरअसल, टीम के दिग्गज खिलाड़ी रवि कुमार चौधरी ने अपने संन्यास का ऐलान कर दिया है। रवि ने कहा कि कबड्डी हमेशा उनके दिल में रहेगी।10 से खेल रहे रवि कुमार के लिए ये फैसला बिल्कुल भी आसान नहीं था।

## करुण ने लिस्ट-ए में बिना आउट हुए 542 रन बनाए दुनिया के पहले बल्लेबाज, विजय हजारे ट्रॉफी के 5 मैचों में से 4 में नाबाद रहे

विजयनगर, 3 जनवरी। विदर्भ के कप्तान करुण नायर लिस्ट-ए (वनडे) क्रिकेट बिना आउट हुए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले दुनिया के पहले बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने विजय हजारे ट्रॉफी 2024-25 के खेले हुए 5 मैचों में 542 रन बनाए। 33 साल के नायर ने छत्तीसगढ़, चंडीगढ़, तमिलनाडु, जम्मू-कश्मीर और उत्तरप्रदेश के खिलाफ पांच मैच खेले। इनमें से छत्तीसगढ़ को छोड़कर चार में शतक लगाया। आखिरी मैच शुक्रवार को उत्तरप्रदेश के खिलाफ आंध्र प्रदेश विजयनगर के विज्जी स्टेडियम खेला। इस मैच में वे 112 रन बनाकर आउट हुए।

# वनडे टीम की कप्तानी से रोहित को हटाया जाएगा

## बीसीसीआई हार्दिक को सौंप सकता है कमान

नई दिल्ली, 3 जनवरी। टेस्ट क्रिकेट में रोहित शर्मा को लेकर कई चर्चाएं हैं। 2024 की एकमात्र उपलब्धि टी20 वर्ल्ड कप का खिताब है जिसे टीम इंडिया ने रोहित शर्मा की कप्तानी में जीता था। इसके अलावा टीम इंडिया हर सीरीज में संघर्ष कर रही है। खासतौर पर जब से गौतम गंभीर टीम इंडिया के हेड कोच बने हैं।



वहीं अब मीडिया रिपोर्ट् के अनुसार बीसीसीआई ने अभी से वनडे क्रिकेट में कप्तान रोहित शर्मा को रिप्लेस करने का मन बना लिया है।टी20 वर्ल्ड कप के फाइनल में भारत ने दक्षिण अफ्रीका को 7 रनों से हराया था। उस ऐतिहासिक जीत के बाद रोहित शर्मा ने टी20 क्रिकेट से रिटायरमेंट ले लिया था।

अब टेस्ट से भी रिटायरमेंट की अटकलें तेज हैं, वहीं एक नई रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि अगर रोहित शर्मा की वनडे टीम की कप्तानी पर भी कोई खतरा आता है या फिर बोर्ड उनपर से दबाव करना चाहे तो हार्दिक पंड्या को वनडे टीम की कमान सौंपी जा सकती है। बता दें कि, हार्दिक पंड्या पिछले 2 साल के भीतर व्हाइट बॉल क्रिकेट में कप्तानी का काफी अनुभव प्राप्त कर चुके हैं। वहीं ये रिपोर्ट ऐसे समय में आई है जब आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी आ आयोजन करीब डेढ़ महीने दूर रह गया है। भारत का चैंपियंस ट्रॉफी के लिए स्क्वाड पहले ही सामने आ चुका है जिसमें रोहित शर्मा ही टीम इंडिया की कप्तान करते हुए दिखेंगे।

## फरवरी से चैम्पियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन

नई दिल्ली, 3 जनवरी। अगले महीने फरवरी से चैंपियंस ट्रॉफी 2025 का आयोजन होना है। इसकी मेजबानी पाकिस्तान करेगा, जो कि 19 फरवरी से 9 मार्च तक हाइब्रिड मॉडल के तहत होंगे। टीम इंडिया अपने सभी मैच दुबई में खेलेगी, जबकि बाकी टीमें कार्यक्रम के अनुसार पाकिस्तान में मैच खेलते नजर आएंगी। भारतीय टीम ने पाकिस्तान का दौरान करने से इंकार कर दिया था, जिस कारण पीसीबी ने आईसीसी के साथ मिलकर बीच का रास्ता निकाला और टीम इंडिया के मैच अपने देश से बाहर करवाने केलिए सहमति व्यक्त की।अब टूर्नामेंट के लिए भारतीय स्क्वॉड कब घोषित होगा इस पर अभी सभी की नजरें हैं। फिलहाल खबर के अनुसार, चैंपियंस ट्रॉफी के लिए सभी टीमों के स्क्वाड घोषित करने की डेडलाइन 12 जनवरी तक है। यानी सबी टीमें इस दिन तक टूर्नामेंट के लिए अपने-अपने स्क्वाड घोषित करने होंगे। वहीं भारतीय टीम के स्क्वॉड को लेकर जानकारी मिली है कि इसकी घोषणा 11 जनवरी को हो सकती है। चैंपियंस ट्रॉफी की 8 साल बाद वापसी हो रही है।

## 450 करोड़ का चिटफंड घोटाला : जिसमें शुभमन गिल सहित कई खिलाड़ियों का आया नाम

नई दिल्ली, 3 जनवरी। गुजरात सीआईडी क्राइम ब्रांच ने 450 करोड़ रुपये के पोंजी घोटाले में गुजरात टाइटंस के चार खिलाड़ियों के शामिल होने की संभावना जताई है। इनमें भारतीय अंतर्राष्ट्रीय खिलाड़ी शुभमन गिल भी शामिल हैं। गिल के अलावा, साई सुदर्शन, राहुल तेवतिया और मोहित शर्मा को भी बुलाने की संभावना है।

ये घटनाक्रम भूपेंद्र सिंह जाला द्वारा पूछताछ के दौरान कबूल किए गए कबूलनामे के बाद हुआ है। इसमें उसने क्रिकेटरों द्वारा किए गए निवेश को वापस न कर पाने की बात स्वीकार की थी। जाला गुजरात भर में 450 करोड़ रुपये की पोंजी योजना का मास्टरमाइंड होने का





आरोप है।वहीं रिपोर्ट के अनुसार, शुभमन गिल ने 1.95 करोड़ रुपये का निवेश किया, जबकि मोहित, साई और राहुल ने छोटे निवेश किए। सीआईडी ने खिलाड़ियों को बाद में तलब करने की योजना बनाई है, क्योंकि गिल मौजूदा समय में ऑस्ट्रेलियामें बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी खेल रहे हैं।

**क्या है 450 करोड़ रुपये का चिटफंड घोटाला**

भूपेंद्र सिंह जाला द्वारा रची गई 450 करोड़ रुपये की चिटफंड घोटाला एक बड़े पैमाने को पोंजी योजना है, जिसने गुजरात भर में लगभग 11 हजार निवेशकों को ठगा है। अपनी फर्म, फाइनेंशियल सर्विसेज के माध्यम से काम करते हुए, जाला ने निवेशकों को 36प्रतिशत का वार्षिक रिटर्न देने का वादा किया, जिससे उन्हें बड़ी रकम निवेश करने के लिए लुभाया गया।

## 41वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय सब-जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता : राजस्थान टीम घोषित

जयपुर, 3 जनवरी। 41वीं एनटीपीसी राष्ट्रीय सब-जूनियर तीरंदाजी प्रतियोगिता का आयोजन 4 से 9 जनवरी, 2025 तक पूर्णिमा यूनिवर्सिटी, जयपुर में किया जाएगा। राजस्थान तीरंदाजी संघ के महासचिव सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता का औपचारिक उद्घाटन 4 जनवरी को सुबह 12:00 बजे पूर्णिमा यूनिवर्सिटी में होगा। पूरे देश से लगभग 800 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

सुरेंद्र सिंह गुर्जर ने बताया कि प्रतियोगिता के लिए आने वाले खिलाड़ियों और टीम अधिकारियों के रहने और खाने की उचित व्यवस्था की गई है। यह प्रतियोगिता भारतीय तीरंदाजी संघ के मानकों के अनुसार आयोजित की जा रही है, जिसमें निर्णायक संघ के क्वालिफाइड पैनल से होंगे। राजस्थान तीरंदाजी आयोजन कमेटी के सदस्य अनिल जोशी ने बताया कि प्रतियोगिता में कई राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ी अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करेंगे। प्रतियोगिता तीन श्रेणियों - रिकर्व, कंपाउंड और इंडियन राउंड में आयोजित की जा रही है।

**राजस्थान टीम का चयन इस प्रकार है:**

**रिकर्व बालक:** अथर्व शर्मा, अयांश बिश्नोई, कृष्ण भारद्वाज, हनी कुमावत। **बालिका:** प्रांजल टोलिया, धृती शर्मा, खुशी कुमावत, खुशबू जावा। कंपाउंड बालक: प्रदुमन यादव, सचिन चेची, देवांश सिंह, योगेश जोशी

**बालिका:** एलिजा, मनिका बिश्नोई, भव्य कंवर, कुमकुम,

**इंडियन राउंड, बालक:** शोभित जांगिड़, यत्न निनामा, युवराज वर्मा, हिमांश बरंडा। बालिका: डोरिस खटाना, प्रतिभा खंडरा, रिया कुमावत, राधिका मील।

**कोच:** डॉ. सुबीर देबनाथ और गजेंद्र शर्मा राजस्थान टीम का नेतृत्व करेंगे। यह प्रतियोगिता युवा खिलाड़ियों के लिए अपनी प्रतिभा को राष्ट्रीय मंच पर दिखाने का बेहतरीन अवसर है। राजस्थान टीम के सभी प्रतिभागियों को शुभकामनाएं।

## 16वीं एयू जयपुर मैराथन का इवेंट कैलेंडर हुआ लॉन्च, मैराथन 2 को



जयपुर, 3 जनवरी। वर्ल्ड ट्रेड पार्क और संस्कृति युवा संस्था द्वारा एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक के सहयोग, पावर्ड बाय आवास फाइनेंस व कॉ पावर्ड बाय आईएनए सोलर से आयोजित 16वीं एयू जयपुर मैराथन का आयोजन 2 फरवरी को होने जा रहा है। बाइस गोदाम स्थित एक निजी होटल में भव्य तरीके से शुक्रवार को एयू जयपुर मैराथन का कार्यक्रम शेड्यूल कैलेंडर लॉन्च किया गया। इसमें मैराथन के तहत आगामी कार्यक्रमों की दिवसवार जानकारी दी गयी है।


एयू जयपुर मैराथन के आगामी कार्यक्रम की जानकारी देते हुए आयोजक पंडित सुरेश मिश्रा, वर्ल्ड ट्रेड पार्क के चेयरमैन अनूप बरतरिया और एयू जयपुर मैराथन के सीईओ मुकेश मिश्रा ने सामुहिक तौर पर बताया कि, 16वीं एयू जयपुर मैराथन का आयोजन 2 फरवरी को किया जा रहा है जिसमें देश के बाहर से भी रनर्स इसमें हिस्सा लेंगे। मैराथन में 42 किमी, 21 किमी, 10 किमी, 5 किमी और 6 किमी की ड्रीम रन में रनिंग लवर्स भाग ले सकते हैं। इससे पहले कई तरह के फिटनेस से जुड़े अन्य कार्यक्रमों को लाइनअप किया गया है जिनमें बूट कैंप, फिटनेस पार्टी एवं टॉर्च सेरेमनी शामिल है। उन्होंने बताया कि ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन फिलहाल ओपन है। आयोजकों ने अधिक से अधिक संख्या में एयू जयपुर मैराथन में भागीदारी निभाने का आव्हान किया है। इस मौके पर जयपुर नगर निगम के उप महापौर पुनित कर्णावट, आवास फाइनेंसर्स के चीफ ऑफ़ स्टाफ फिरोज बलसारा, आईएनए सोलर के एमडी विकास जैन, एयू जयपुर मैराथन के रेस डायरेक्टर रवि गोयनका, जयपुर रनर्स क्लब के अध्यक्ष प्रवीण तिजारिया और एडवोकेट कमलेश शर्मा सहित अन्य उपस्थित रहे।

# विजय हजारे ट्रॉफी में राजस्थान ने रेलवे को 1 विकेट से हराया

## राजस्थान की जीत में कार्तिक व समर्पित की शतकीय पारी

जयपुर 3 जनवरी , बीसीसीआई की मुंबई में खेली जा रही राष्ट्रिय विजय हजारे एक दिवसीय ट्रॉफी में आज राजस्थान ने रेलवे को 1 विकेट से हराया। राजस्थान की जीत में कार्तिक शर्मा व समर्पित जोशी की शतकीय पारियां।रेलवे पारी 345 /9, रेलवे के लिए सूरज आहूजा 115 , साहब युवराज सिंह 81 , उपेंद्र यादव 55 रनो का योगदान दिया।राजस्थान के गेंदबाज खलील अहमद 65 /4 , दीपक चाहर 77 /2 , अजय कुकना 54 /1 , मानव सुथार 56 /1 व अनिकेत चौधरी 64 /1 विकेट प्राप्त किये।

राजस्थान पारी 348/9 (49.5 ओवर), लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान की शुरुआत अच्छी नहीं पारीउसकी सलामी बल्लेबाज राम मोहन चौहान शून्य के स्कोर पर पेवेलियन लौट गए, राजस्थान को दूसरा झटका कप्तान महिपाल लोमरोर के रूप में टीम के 54 रनो के स्कोर पर , तीसरा झटका टीम के 78 रनो के स्कोर पर शुभम गढ़वाल के



रूप में व चौथा झटका 103 रनो के स्कोर पर अनुभवी दीपक हुड्डा के रूप में पवेलियन लौटा, पांचवे विकेट के लिए राजस्थान के युवा कार्तिक शर्मा व समर्पित जोशी ने 122 गेंदों पर 147 रनो के शानदार शतकीय साझेदारी करते हुए टीम को मैच में मजबूत स्थिति में ला दिया।

कार्तिक शर्मा ने अपनी 100 रनो के आतिशी शतकीय पारी में 69 गेंदों का सामना किया व 4 गगनचुम्बी छक्के व 10 चौक्के लगाया। समर्पित जोशी ने टीम के निचले क्रम के बल्लेबाजों के साथ छोटी छोटी साझेदारी करते हुए न केवल अपना शतक पूरा किया साथ ही टीम को 1 विकेट से शानदार जीत दिलाई , समर्पित जोशी ने अपनी 116 रनो की नाबाद शतकीय में 104 गेंदों का सामना करते हुए 5 छक्के व 10 चोक्के लगाए। टीम के लिए समर्पित जोशी नाबाद 116, कार्तिक शर्मा 100, शुभम गढ़वाल 31, दीपक हुड्डा 30, महिपाल लोमरोर 25, अजय कुकना 14 व दीपक चाहर 14 रनो का योगदान देते हुए टीम को शानदार जीत दिलाई।

अंडर-16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी प्री-क्वार्टर फाइनल

### राजस्थान के यथार्थ की बंगाल के विरुद्ध शतकीय पारी

बीसीसीआई की राष्ट्रिय अंडर 16 विजय मर्चेंट ट्रॉफी के आज से शुरू हुए राजस्थान - बंगाल प्री क्वाटर फाइनल मैच के पहले दिन राजस्थान के यथार्थ भारद्वाज ने शतकीय पारी खेलते हुए राजस्थान को मजबूत किया। राजस्थान पहली पारी 278/9, टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने पहले दिन का खेल समाप्त होने तक यथार्थ भारद्वाज की शतकीय पारी की सहायता से 9 विकेट के नुकसान पर 278 रनो का स्कोर बना लिया था। टीम के लिए यथार्थ भारद्वाज ने अपनी 131 रनो की शतकीय पारी में 138 गेंदों का सामना किया जिसमे 2 छक्के व 16 चोक्के लगाए। टीम के लिए यथार्थ भारद्वाज 131, शिफॉन 45, आलोक 19, रजत 16, ऍम खान 15, आदित्य वाधवा 15 व एकांश शर्मा 14 रनो का योगदान दिया।बंगाल के गेंदबाज सायन पाल 58 /3, सचिन यादव 59 /2 व आरित्रा 80 /2 विकेट प्राप्त किये।